नई दिल्ली | मंगलवार | 14 जून 2011

अमर उजाला

पीजीसीएल के कर्मियों को ज्ञान देगा बिमटेक

बिमटेक और पॉवर ग्रिड ने किया समझौता

ग्रेटर नोएडा। बिजली उत्पादन में अग्रणी नवरत्न संस्था पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ने सोमवार को बिमटेक से समझौता किया। नॉलेज पार्क दो स्थित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि यह हर्ष का विषय है कि पीजीसीएल ने उनके साथ हाथ मिलाया है। दोनों संयुक्त रूप से शोध करेंगे। विशेष योजनाओं, समस्याओं, कर्मचारियों के बौद्धिक विकास, वैश्विक विस्तार, संस्थागत विकास और प्रशिक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। पॉवर ग्रिड के निदेशक वी.एम. कौल ने कहा कि मौजूदा वक्त में शोध, सलाह, एमडीपी और सफल परियोजनाओं के लिए केस स्टडी करने में एक प्रबंधन संस्थान का साथ बहुत जरूरी हो गया है। दोनों पक्षों के लिए यह समझौता लाभदायक साबित होगा। इस मौके पर कंपनी के चेयरमैन एस.के. चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान परिवर्तनशील परिदृश्य में पुराने गुणों और कौशलों से सफलता नहीं पाई जा सकती। जरूरी हो जाता है कि नेतृत्व क्षमता विकास के साथ ही द्वितीय श्रेणी के कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति तैयार किया जाए। इस मौके पर संस्थान के एमडीपी प्रमुख प्रो. के.के. सिन्हा समेत तमाम शिक्षक और उच्चाधिकारी मौजूद रहे। ब्यूरो.